Regarding water contamination caused by the Ash Dam of NTPC Tanda, District Ambedkarnagar, Uttar Pradesh-laid

श्री लालजी वर्मा **(**अम्बेडकर नगर**) :** ग्राम शरीफपुर परगना व तहसील टाण्डा, जिला अम्बेडकरनगर, उत्तर प्रदेश के आबादी से 100 मीटर की दूरी पर एन०टी०पी०सी० टाण्डा अम्बेडकरनगर का ऐश डैम बन जाने के कारण उक्त ग्राम में सीपेज बना रहता है। गर्मी के दिन में ऐश डैम की राख से उक्त ग्राम में अत्यधिक प्रदूषण रहता है जिसके कारण ग्राम में पानी भी पीने योग्य नही रहता। पुराने मकान होने के कारण सीपेज के कारण मकानों का गिरने का खतरा बना हुआ है। उक्त ग्राम वासियों द्वारा एन०टी०पी०सी० के अधिकारियों से मिलकर ग्राम की आबादी का अधिग्रहण किए जाने की मांग की गयी है।

अतः इस लोक महत्व के प्रश्न पर जनहित में ग्राम का सर्वे कराकर उक्त ग्राम वासियों को अन्य जगह बसाने की मांग करता हूँ।